**महत्वपूर्ण/समयबद्ध**
**संख्या-2051 /सत्तर-3-2025**

प्रेषक,

**प्रेम कुमार पाण्डेय,**
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ०प्र०,
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी**, उ0प्र0।

4. **विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी**, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

**उच्च शिक्षा अनुभाग-3** **लखनऊ: दिनांक 07 अगस्त, 2025**

**विषय: "काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव" के समापन समारोह के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-277/2214/चार-2025-1735135, दिनांक 06.08.2025 (छायाप्रति संलग्न), का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक घटना 'काकोरी ट्रेन ऐक्शन के शताब्दी समारोह का शुभारम्भ दिनांक 09 अगस्त, 2024 को लखनऊ के काकोरी शहीद स्मारक से मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया था। काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह दिनांक 08 अगस्त, 2025 को किया जाना है। इस समापन समारोह को सम्पूर्ण प्रदेश में भव्यतापूर्वक विभिन्न राष्ट्रभक्तिपूर्ण का आयोजन करते हुए मनाया जाना है।

2- उक्त संदर्भित पत्र में दिनांक 08 अगस्त, 2025 को काकोरी ट्रेन ऐक्शन की 100वीं वर्षगांठ के समापन अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में निम्नवत गतिविधियों के साथ शहीदों को नमन करते हुए गरिमामयी आयोजन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं :-

(1) काकोरी ट्रेन ऐक्शन की 100वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में दिनांक 08 अगस्त, 2025 को प्रदेश के सभी शहीद स्मारकों/स्मृति स्थलों/अमृत सरोवरों/अमृत वाटिकाओं पर वृहद रूप से कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए हुए वृक्षारोपण किया जाए, जिसे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़ा जाए।

(2) काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत समस्त शैक्षणिक संस्थानों यथा-बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक, कृषि शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा आजादी के नायकों के चित्र देशभक्ति के नारे लिखी पट्टिकाओं को हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली जाए, जिसमें राष्ट्र भक्ति के गाने भी बजाए जाएं। प्रभात फेरी की दूरी लगभग 0.5 किमी0 से 1.0 किमी0 की होगी, जिसमें नागरिक सुरक्षा संगठन एवं पुलिस के द्वारा सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित किये जाएंगे।

(3) काकोरी ट्रेन ऐक्शन की घटना एवं काकोरी के नायकों पर आधारित भाषण निबन्ध लेखन, सुलेख लेखन, वाद-विवाद आदि विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक विद्यालयों में किया जाए तथा इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिनांक 08 अगस्त, 2025 को आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाए।

(4) समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों एवं विशेष रूप से शहीद स्मारकों, स्मारक स्थलों, शहीद पार्कों, अमृत वाटिकाओं, अमृत सरोवरों आदि पर दिनांक 06 एवं 07 अगस्त, 2025 को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के समस्त शहीद स्थलों/स्मारकों पर राष्ट्र धुन एवं राष्ट्रभक्ति गीत बजाए जाएंगे तथा अर्द्ध सैनिक एवं सैन्य बलों/पुलिस/ पी०ए०सी०/होमगार्ड/ स्काउट गाइड के बैण्ड/एन०सी०सी०/विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के बैण्ड द्वारा यथानुसार राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन किया जाएगा।

(5) स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थल यथा काकोरी (लखनऊ) शाहजहांपुर, बलिया, गोरखपुर, फिरोजाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, बरेली, सहारनपुर, गोण्डा जनपदों में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वृहद स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन आयोजनों में स्थानीय स्वंतत्रता संग्राम के शहीदों के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाये तथा उनके संस्मरणों को आम जनता को सुनाया जाए।

(6) जनपद लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र० के माध्यम से समस्त जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों में एल०ई०डी० के माध्यम से किया जाये। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जाए, जिसमें उन्हें प्रदेश की गौरवमयी इतिहास की जानकारी दी जाए।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

**(प्रेम कुमार पाण्डेय)**
संयुक्त सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तैदव।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

(1) निजी सचिव, मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
(2) निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
(3) कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
(4) निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(5) निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(6) निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(7) समस्त संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

**(प्रेम कुमार पाण्डेय)**
संयुक्त सचिव।

Nikhil G.O.

संख्या- 277 / 2214 /चार 2025-1735135

प्रेषक,

एस.पी.गोयल
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा/बेसिक शिक्षा/सूचना एवं जनसम्पर्क/
वन/गृह/पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन।

2. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

3. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊः दिनांक 06 अगस्त, 2025

**विषयः- 'काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव' के समापन समारोह के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।**

महोदय,

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक घटना **'काकोरी ट्रेन ऐक्शन के शताब्दी समारोह'** का शुभारम्भ दिनांक 09 अगस्त, 2024 को लखनऊ के काकोरी शहीद स्मारक से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया था। 'काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी महोत्सव' का समापन समारोह दिनांक 08 अगस्त, 2025 को किया जाना है। इस समापन समारोह को सम्पूर्ण प्रदेश में भव्यतापूर्वक विभिन्न राष्ट्रभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए मनाया जाना है।

**2**(1)- काकोरी ट्रेन ऐक्शन की 100वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में दिनांक 08 अगस्त 2025 को प्रदेश के सभी शहीद स्मारकों/स्मृति स्थलों/अमृत सरोवरों/अमृत वाटिकाओं पर वृहद रूप से कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए वृक्षारोपण किया जाए, जिसे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़ा जाए।

(2) काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत समस्त शैक्षणिक संस्थानों यथा-बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक, कृषि शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा आजादी के नायकों के चित्र, देशभक्ति के नारे लिखी पट्टिकाओं को हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली जाए, जिसमें राष्ट्र भक्ति के गाने भी बजाए जाएं। प्रभात फेरी की दूरी लगभग 0.5 किमी0 से 1.0 किमी0 की होगी जिसमें नागरिक सुरक्षा संगठन एवं पुलिस के द्वारा सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित किये जाएंगे।

(3) काकोरी ट्रेन ऐक्शन की घटना एवं काकोरी के नायकों पर आधारित भाषण निबन्ध लेखन, सुलेख लेखन, वाद-विवाद आदि विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन माध्यमिक विद्यालयों में किया जाए तथा इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिनांक 08 अगस्त, 2025 को आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाए।

(4) समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों एवं विशेष रूप से शहीद स्मारकों स्मारक स्थलों, शहीद पार्कों, अमृत वाटिकाओं, अमृत सरोवरों आदि पर दिनांक 06 एवं 07 अगस्त, 2025 को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के समस्त शहीद स्थलों/स्मारकों पर राष्ट्र धुन एवं राष्ट्रभक्ति गीत बजाए जाएंगे तथा अर्द्ध सैनिक एवं सैन्य बलों/पुलिस/पी0ए0सी0/होमगार्ड/स्काउट गाइड के बैण्ड/एन०सी०सी०/ विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के बैण्ड द्वारा यथानुसार राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन किया जाएगा।

(5) स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थल यथा काकोरी(लखनऊ), शाहजहांपुर, बलिया, गोरखपुर, फिरोजाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, बरेली, सहारनपुर, गोण्डा जनपदों में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वृहद स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन आयोजनों में स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाये तथा उनके संस्मरणों को आम जनता को सुनाया जाए।

(6) जनपद लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 के माध्यम से समस्त जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों में एल0ई0डी0 के माध्यम से किया जाये। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जाए, जिसमें उन्हें प्रदेश की गौरवमयी इतिहास की जानकारी दी जाए।

**3-** इस सम्बन्ध मे मुझे यह कहने के निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार दिनांक 08 अगस्त 2025 को काकोरी ट्रेन ऐक्शन की 100वीं वर्षगांठ के समापन अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ शहीदों को नमन करते हुए गरिमामयी आयोजन सुनिश्चित किए जाएं।

भवदीय,

Digitally signed by
SHASHI PRAKASH GOYAL
Date: 06-08-2025
18:33:33

(एस.पी. गोयल)
मुख्य सचिव

संख्या- 277 /2214(1) /चार-2025, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
3. निजी सचिव, मा० मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०, लखनऊ।
5. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ।
6. गोपन अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
MUKESH KUMAR MESHRAM
Date: 06-08-2025 19:08:20

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव